कार्यालयः राँची नगर निगम, राँची।

(DAY-NULM CELL)
कचहरी रोड, राँची, पिन – 834001
e-mail:- [illegible]

पत्रांक:– 540/J.NULM   दिनांक:– 18/06/2019

सूचना

एतद् द्वारा सभी फुटपाथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है की TVC की विभिन्न बैठकों के पश्चात् दिनांक–29.04.2019 की बैठक में कचहरी चौक से अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए सर्जना चौक तक के फुटपाथ विक्रेताओं का अंतिम रुप से चयनित, सत्यापित, स्वीकृत एवं हस्ताक्षरित किया गया। तदनुसार अटल स्मृति वेंडर मार्केट के लिए चयनित/आवंटित फुटपाथ विक्रेताओं को अटल स्मृति वेंडर मार्केट में स्थल उपलब्ध कराने हेतु नगर विक्रय समिति द्वारा चयनित, स्वीकृत सत्यापित एवं स्थल आवंटित फुटपाथ दुकानदारों को स्टाम्प पेपर जमा करते हुए एकरारनामा करने की सूचना दी गई थी। कुछ फुटपाथ विक्रेताओं के द्वारा अभी तक स्टाम्प पेपर जमा नहीं किया गया है, और न ही एकरारनामा किया गया है। जिसके फलस्वरुप उनका पथ विक्रेता प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पा रहा है।

2. इस सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि संबंधित वैसे फुटपाथ विक्रेता जिनका नाम चयनित, स्वीकृत, सत्यापित, एवं हस्ताक्षरित सूची मे अंकित है एवं स्टाम्प पेपर जमा नहीं किया गया। वे दिनांक–22.06.2019 तक अतार्थ एव पूर्व अंतिम रुप से निगम कार्यालय मे जमा करें, अन्यथा किसी भी प्रतिकूल कार्रवाई के लिए वे स्वयं जिम्मेवार होगें।

3. चयनित, स्वीकृत, सत्यापित एवं हस्ताक्षरित अंतिम सूची में अंकित वैसे संबंधित फुटपाथ विक्रेता जिन्हे अटल स्मृति वेंडर मार्केट में विक्रय स्थल आवंटित नहीं किया गया है उन्हे सूचित किया जाता है वो फुटपाथ विक्रेता भी अपना फोटो एवं संबंधित कागजात अविलम्ब निगम कार्यालय ताकि उन्हे विक्रेता प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके।

4. यह भी सूचित किया जाता है कि अंतिम रुप से चयनित, स्वीकृत, सत्यापित एवं हस्ताक्षरित सूची के फुटपाथ विक्रेता, जिनके द्वारा फोटोग्राफ एवं वांछित कागजाज समर्पित कर दिया गया है, उनके पथ विक्रेता प्रमाण पत्र को दिनांक–22.06.2019 को 11:00 बजे पूर्वाहन् से वितरण किया जाएगा जिसमे फुटपाथ विक्रेता स्वयं उपस्थित होकर अपना विक्रेता प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।

ह०/–
उप नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम।

ज्ञापांक 540/J.NULM /राँची, दिनांक 18/06/2019

प्रतिलिपि : सामान्य शाखा को सूचना पट्ट पर प्रदर्शनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि : श्री राजेश कुमार, Computer Programmer को निगम वेबसाइट में प्रदर्शित करने के निदेश के साथ प्रेषित।
प्रतिलिपि : नगर आयुक्त, रांची नगर निगम को सादर सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।
प्रतिलिपि : टाऊन वेंडिंग कमिटी के सभी सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि : श्री अमित कुमार, GIS Speacialist, राँची नगर निगम को इस निदेश के साथ प्रेषित कि इस सूचना को न्यूनतम 3 स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों के अंकों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करेंगे।

18/6/19
उप नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम।

19.6.19

Scanned by CamScanner